यूपी की जीएसडीपी में 14.3% की वृद्धि

राब्यू, लखनऊ : अर्थव्यवस्था सुधार में उप्र शानदार प्रदर्शन को दोहराता दिखाई दे रहा है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 14.3% और प्रति व्यक्ति आय में 13.3% की वृद्धि का अनुमान इसकी पुष्टि कर रहा है। अर्थ एवं संख्या प्रभाग (राज्य नियोजन संस्थान) की गुरुवार को वर्ष 2022-23 के त्वरित अनुमान को लेकर जारी रिपोर्ट बताती है कि प्रदेश की जीएसडीपी 22,58,040 करोड़ रुपये अनुमानित है। वहीं, प्रति व्यक्ति आय भी 83,636 रुपये आकलित की गई है।

- **प्रति व्यक्ति आय 83,636 रुपये तक पहुंची, 13.3% का उछाल**

वर्ष 2021-22 में जीएसडीपी 19,75,595 करोड़ रुपये और प्रति व्यक्ति आय 73,831 रुपये आकलित की गई थी।

निदेशक अर्थ एवं संख्या डा. दिव्या सरीन मेहरोत्रा की जारी रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि 2022-23 के त्वरित अनुमान केंद्रीय सांख्यिकीय कार्यालय भारत सरकार के उपलब्ध विधान का अनुसरण कर तैयार किए गए हैं।